मैंने फ़ेरे लिए भोले बाबा के साथ

मैंने फ़ेरे लिए भोले बाबा के साथ,
भोले बाबा के साथ डमरू वाले के साथ.....

भोले देखो तुम्हारा जुड़ा,
बड़ा प्यारा लगे मेरी गजरे के साथ,
मैंने फ़ेरे लिए भोले बाबा के साथ......

भोले देखो तुम्हारा चंदा,
बड़ा प्यारा लगे मेरी बिंदिया के साथ,
मैंने फ़ेरे लिए भोले बाबा के साथ

भोले देखो तुम्हारी नाग माला,
बड़ी प्यारी लगे मेरे हरवा के साथ,
मैंने फ़ेरे लिए भोले बाबा के साथ......

और देखो तुम्हारा डमरु,
बड़ा प्यारा लागे मेरे कंगना के साथ,
मैंने फ़ेरे लिए भोले बाबा के साथ......

भोले देखो तुम्हारी मृगछाला,
बड़ी प्यारी लगे मेरे लहंगे के साथ,
मैंने फ़ेरे लिए भोले बाबा के साथ......

भोले देखो तुम्हारे यह घुंघरू,
बड़े प्यारे लगे मेरी पायल के साथ,
मैंने फ़ेरे लिए भोले बाबा के साथ......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32607/title/maine-phere-liye-bhole-baba-ke-saath

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |